# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
**जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031**


**पत्रांक संख्याः** ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2025 / 2410 **दिनांकः** 07 / 09 / 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः संस्थानों में सत्र 2025–26 में मैनेजमेन्ट कोटा के अन्तर्गत प्रवेशित छात्र–छात्राओं (फार्मेसी विधा को छोड़कर) का ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन कराये जाने के संबध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि संस्थानों में सत्र 2025–26 में मैनेजमेन्ट कोटा के अन्तर्गत प्रवेशित छात्र–छात्राओं (**फार्मेसी विद्या को छोड़कर**) का ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांक–07 सितम्बर, 2025 से पूर्व की भाँति किया जाना है।

| क.सं. | प्रकिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | आनॅलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की प्रारम्भ तिथि | 07 सितम्बर, 2025 |
| 2. | आनॅलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि | 14 सितम्बर, 2025 |

मैनेजमेन्ट कोटा पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। संस्थान में मैनेजमेन्ट कोटा पर प्रवेश हेतु पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर दिनांक– 07 सितम्बर, 2025 से सकिय (Activate) कर दिया जायेगा। संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन उक्त वर्णित तिथि तक कराया जाना अनिवार्य है। अन्यता की स्थिति में छात्र–छात्राओं को नामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। मैनेजमेन्ट कोटा के सापेक्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा।

पंजीकरण प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क का भुगतान निम्नानुसार ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा।

यू0पी0टी0ए0सी0–2025 / जे0ई0ई0(मेन)–2025 / एन0ए0टी0ए.–2025 / एन0टी0ए0–2025 में सम्मिलित एवं कमांक धारक अभ्यर्थियों के साथ–साथ प्रवेश के इच्छुक वे अभ्यर्थी जिन्होंने यू0पी0टी0ए0सी0–2025 / जे0ई0ई0(मेन)–2025 / एन0ए0टी0ए0–2025 / एन0टी0ए0–2025 की परीक्षा नहीं दी परन्तु प्रवेश के इच्छुक हैं उन्हें निम्नानुसार शुल्क देय होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभ्यर्थी | रू0 1000 / – |
| 2. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी | |

2..... / –

पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रकिया निम्नानुसार है:–

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर जायें।
2. Website के मुख्य पेज पर पंजीकरण हेतु Link/Pop-up प्रदर्शित होगा।
3. लिंक पर क्लिक करते ही प्राथमिक पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा। अभ्यर्थी को वांछित सूचना, जिसमें योग्यता का विवरण पूर्ण करते हुए कोर्स का चयन करते हुए प्रकिया को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करना होगा।
4. **कृपया ध्यान दें इस पेज पर दी हुई किसी भी जानकारी को अगले चरणों में संशोधित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 व लेटरल इन्ट्री एवं उसकी योग्यता आदि का विवरण शामिल है।**
5. सूचना भरने के कम में अभ्यर्थी को अपने सम्पर्क विवरण की सूचना को मोबाइल ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापित कराना होगा। आगे की सभी सूचनायें इसी मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 से सत्यापित होंगी।
6. ओ0टी0पी0 सत्यापित करने के पश्चात अभ्यर्थी को एक पंजीकरण संख्या उपलब्ध हो जायेगी, जिससे अभ्यर्थी अपने डैश–बोर्ड पर पहुँचेगा, जहाँ अभ्यर्थी को अपना शुल्क आनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को अपनी शेष बची **जानकारी (शैक्षिक अर्हता संबंधी प्रपत्र) व फोटोग्राफ एवं इस्ताक्षर अपलोड करना होगा।**
7. सभी चरण पूर्ण हो जाने के पश्चात अभ्यर्थी को पुनः अपने अपलोड किये गये डाटा को चेक करने का अवसर प्रदान किया गया है तत्पश्चात ही अभ्यर्थी को फाइनल सबमिट का बटन प्रदर्शित होगा, जिससे वह अपने पंजीकरण को फाइनल सबमिट कर सकेंगे और प्रिन्ट ले सकेंगे।
8. ध्यान रहे कि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण प्रिन्ट में क्यू–आर कोड अवश्य प्रदर्शित हो रहा हो।

**कृपया ध्यान दें**:– जिस पंजीकरण का भुगतान आनलाइन जमा नहीं होगा वह पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

भवदीय

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव